(9/)

पत्र संख्या/ 203 / अ0नि0वा0क0अधि0प्र0सं0ल0/ मिशन कर्मयोगी / 2024-25/ राज्य कर

कार्यालय अपर निदेशक

वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।

दिनांकः: लखनऊ 17 मई 2024

समस्त ज़ोनल अपर आयुक्त,
राज्य कर, उत्तर प्रदेश।

भारत सरकार द्वारा Capacity Building Commission मिशन कर्मयोगी भारत की स्थापना के अन्तर्गत प्रारम्भ किये गये मिशन कर्मयोगी अभियान के परिप्रेक्ष्य में कर्मयोगी मिशन से अधिक से अधिक अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी से जोड़े जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राजकीय सेवकों को संरचनात्मक, सृजनात्मक, विचारशील, नवाचारी, प्रोफ़ेशनल, प्रगतिशील, पारदर्शी एवं टेक्नालॉजी में सक्षम बनाये जाने के दृष्टिगत मिशन कर्मयोगी पोर्टल https://igotkarmyogi.gov.in पर 1022 विषयों पर अध्ययन हेतु कोर्सेज़ उपलब्ध हैं जिनमें पंजीकरण के उपरान्त किसी भी अधिकारी / कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है।

मिशन कर्मयोगी के विज़न और मिशन पर परिचर्चा करने हेतु वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, 4-विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में दिनांक 28-05-2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी की अध्यक्षता श्री एल वेंकटेश्वर लू0, आई0 ए0 एस0, महानिदेशक, उपाम तथा नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की जानी है। संगोष्ठी से अधिक से अधिक अधिकारी / कर्मचारी लाभान्वित हो सकें इसके दृष्टिगत माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के आई0 डी0, पासवर्ड के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग की जायेगी। माइक्रोसॉफ्ट टीम्स का आई0 डी0, पासवर्ड निम्नवत है :-

1- Meeting ID: 498 597 634 140 Passcode: V5cCMj

2- Meeting ID: 488 179 492 026 Passcode: k5z9F4

आपसे अनुरोध है कि अपने ज़ोन में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों को उक्त आई0 डी0, पासवर्ड के माध्यम से प्रश्नगत संगोष्ठी में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। उक्त आई0 डी0, पासवर्ड के माध्यम से एक ही बड़ी स्क्रीन पर अधिक अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा संगोष्ठी से जुड़कर लाभ उठाया जा सकता है।

यह पत्र आयुक्त महोदया के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जा रहा है।

17-05-24

(ज्योत्स्ना पाण्डेय)
अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उ0प्र0, लखनऊ।

प्रतिलिपि:

1. समस्त अनुभाग प्रभारी, राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को इस आशय से कि प्रश्नगत संगोष्ठी में अनिवार्य रूप से माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के आई0 डी0, पासवर्ड के माध्यम से प्रतिभाग करें व अधीनस्थ अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी, राज्य कर, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि प्रश्नगत संगोष्ठी में माइक्रोसॉफ्ट टीम्स के आई0 डी0, पासवर्ड के माध्यम से प्रतिभाग करें व अधिकतम अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रतिभाग करायें।
2. संयुक्त आयुक्त (आई0 टी0), राज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय पोर्टल के नोटिस बोर्ड पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उ0प्र0, लखनऊ।

Note:-
workshop start time
re-scheduled at 10:30 AM
instead of 11:30 AM